



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Social Studies Solutions

Chapter - 4
Subject - सामाजिक विज्ञान (भाग -1)
Chapter name - (दिल्ली सल्तनत की विस्तार)

Page No.- 21, Block-1, Chapter - 4
प्रश्न **1-** पुराने समय के सभी राजाओं के बारे में हमें पूरी जानकारी क्यों नहीं मिल पाती**?**
उत्तर**:-** पुराने ज़माने में ताम्र पत्रों या शिला लेखो से जितनी जानकारी प्राप्त हो पाती है, वही हमारी जानकारी है उस समय में भोजपत्र या ताड़ पत्रों पर लिखा जाता था। जो समय के साथ अधिकतर नष्ट हो गए। प्राचीन काल के राजाओं में से कुछ ही राजाओं के शिला लेख ताम्र पत्र प्राप्त हो सकें ।

Page No.- 21, Block-1, Chapter- 4
प्रश्न **2-** सुल्तानों ने शिलालेख बहुत कम खुदवाए। इसके क्या कारण हो सकते है**?**
उत्तर**:-** सुल्तानों ने ज्यादातर सिक्को तथा इमारतों का निर्माण कराया तथा उनके दरबार में उनके दरबारी कवियों या लेख के द्वारा लिखी गयी पुस्तकों के आधार पर जानकारी प्राप्त होती है। सुल्तान तुर्क संस्कृति से आये थे। इसलिए उन्होंने शिला लेख नहीं बनवाये।

Page No.- 22, Block-1 , Chapter- 4
प्रश्न **1-** देवगिरि से मिले धन का अलाउद्दीन ने क्या उपयोग किया**?**
उत्तर**:-** देवगिरी को लूट कर प्राप्त धन को अलाउद्दीन ने अपनी सेना को समृद्ध तथा बड़े आमीर व सरदार में धन बाटकर अपने पक्ष में किया।

Page No.- 22, Block-1, Chapter- 4
प्रश्न **2-** अलाउद्दीन के खिलाफ अमीर विद्रोह क्यों नहीं कर पाए**?**
उत्तर**:-** ज्यादातर अमीर अलाउद्दीन के पैसे पर आश्रित थे। तथा उसने अमीरों के सभी उत्सव तथा दावतों आदि पर रोक लगा दी बहुत सारे अमीर एक जगह एकत्रित न, हो तथा षड्यंत्र न करें तथा उस हर जगह जासुस लगाए गए जिसके कारण विद्रोह की सुचना पर वह बहुत कड़ा दंड देता था। जिससे कोई विद्रोह का साहस नहीं कर सका।

Page No.- 22, Block- 2, Chapter- 4
प्रश्न **1-** आप बताइये कि उन साम्राज्यों की सही दिशा क्या है**?**
उत्तर**:-** रण थम्भौर चित्तौड़ व मालवा राज्य दिल्ली के दक्षिण में है।

Page No.- 23, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **1-** अलाउद्दीन खिलजी का साम्राज्य कहाँ से कहाँ तक फैला था **?**
उत्तर**:-** अलाउद्दीन खिलजी का साम्राज्य पेशावर से मालवा तथा मंगोल से बंगाल तक फैला था।

Page No.- 23, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **2-** अलाउद्दीन खिलजी ने कौन **-** कौन से इलाके अपने सल्तनत में जोड़े **?**
उत्तर:- अलाउद्दीन खिलजी ने चितौड़ रणथम्भौर व मालवा को अपने सल्तनत में जोड़े।

schools.aglasem.com
aglasem.com

Page No.- 23, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **3-** अलाउद्दीन खिलजी ने गुजरात व चित्तौड़ साम्राज्यों को अपने साम्राज्य में क्यों मिलाया लेकिन दक्षिण के साम्राज्यों को क्यों नहीं मिलाया **?**
उत्तर**:-** अलाउद्दीन खिलजी का दक्षिण भारत अभियान का उद्देश्य सिर्फ लूट पाट या धन प्राप्त करना था तथा भारतीय संस्कृति को नष्ट करना था।दक्षिण भारत पर शासन करना उसके लिए मुश्किल था क्योंकि दिल्ली से दक्षिण की दूरी बहुत ज्यादा थी।

Page No.- 26, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **1-** पहले आपस में चर्चा करें कि राजधानी क्या होती है ,वहां कौन रहते है और वहां क्या -क्या होता है **?**
उत्तर**:-** राजधानी किसी राज्य या देश का प्रशासनिक राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होता है। वही से देश या राज्य के लिए नीति व नियम का निर्धारण तथा क्रियान्वयन होता है।आर्थिक या सामाजिक तथा विदेशी व सैन्य सभी प्रकार की क्रियाएं प्रतिक्रियाएं राजधानी में ही संपन्न होती है। राजधानी में राष्ट्राध्यक्ष व मंत्रीगण तथा उनके अधिकारी तथा विभागों के प्रमुख निवास करते है।

Page No.-26, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **2-** आपके राज्य की राजधानी कहाँ है**?**
उत्तर:- हमारे राज्य की राजधानी रायपुर है।

Page No.- 26, Block- 1, Chapter- 4
प्रश्न **3-** आपके देश की राजधानी कहाँ है **?**
उत्तर:- हमारे देश की राजधानी दिल्ली है।

Page No.- 27, Chapter- 4
अभ्यास के प्रश्न
प्रश्न **1-** नीचे दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए **-**
(दौलताबाद ,देवगिरि ,रामेश्वरम ,सिजदा ,हुलिया ,तुगलकाबाद कलचुरियों **)**

1. अलाउद्दीन खिलजी ने सुल्तान बनने के पूर्व _____ पर आक्रमण किया था।
उत्तर:- देवगिरि।

2. गयासुद्दीन तुगलक ने _____ नगर की स्थापना की थी।
उत्तर:- तुगलकाबाद

3. सेना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए अलाउद्दीन खिलजी ने सैनिकों की _____ प्रथा शुरू की थी।
उत्तर:- हुलिया

4. दिल्ली में तुर्क सुल्तानों के शासन के समय छत्तीसगढ़ में _____वंश का शासन था।
उत्तर:- कल्चुरियो

5. मुहम्मद बिन तुगलक ने _____को कोई राजधानी बनाया।
उत्तर:- दौलताबाद

Page No.-27, Chapter- 4
प्रश्न **2-** प्रश्नो के उत्तर दीजिए **-**
1. कैकुबाद के बाद दिल्ली का सुल्तान कौन बना **?**

schools.aglasem.com
aglasem.com

उत्तर:- कैकुबाद के बाद दिल्ली का सुल्तान ज जलालुद्दीन खिलजी बना।

2. तारीख **-ए-** फिरोजशाही के लेखक कौन है **?**
उत्तर:- तारीख -ए -फिरोजशाही के लेखक बरनी थे।

3. सेना में घोड़े को दागने की प्रथा किसने शुरू की **?**
उत्तर:- सेना में घोड़ो को दागने की प्रथा अलाउद्दीन खिलजी ने शुरू की।

4. मुहम्मद बिन तुगलक ने चांदी की जगह किस धातु के सिक्के चलाये **?**
उत्तर:- मुहम्मद बिन तुगलक ने चांदी की जगह कांसे धातु के सिक्के चलाये।

5. अलाउद्दीन के शासनकाल में किसनो को कितना लगान देना पड़ता था **?**
उत्तर:- किसान को उपज का आधा हिस्सा लगान में देना पड़ता था।

6. अलाउद्दीन ने बाजार को नियंत्रित करने के लिए क्या क्या कदम उठाए **?**
उत्तर :- सभी समानो की कीमत तय कर दी। कम तौलने पर कड़ी सजा का प्राविधान किया।

Page No.- 27, Chapter- 4
प्रश्न **7-** मुहम्मद बिन तुगलक की सभी योजनाओं का वर्णन करों ।
उत्तर**:-** मुहम्मद तुगलक की सबसे चर्चित योजना राजधानी दिल्ली से दौलताबाद करना था तथा चांदी की जगह तांबा मिश्रित कांसे का सिक्का चलाना था। उसकी अन्य योजना दोआब में कर वृद्धि, कराजिल और खुरासान अभियान।

Page No.- 27, Chapter- 4
प्रश्न **8-** अलाउद्दीन ने लगान व्यवस्था में क्या सुधार किया।
उत्तर**:-** अलाउद्दीन छोटे -छोटे करो को समाप्त कर दिया सिर्फ भूमि कर तथा चराई कर जारी रखा जिससे कि लाभ हुआ।

योग्यता अनुसार **-**
Page No.- 27, Chapter- 4

प्रश्न **1-** मानचित्र को देखिये और आपस में चर्चा कर बताईये कि मुहम्मद बिन तुगलक की राजधानी योजना परिवर्तन आपके अनुसार सही था या गलत **?**
उत्तर:- मुहम्मद बिन तुगलक की राजधानी योजना बिल्कुल वंदीयता व मूर्खतापूर्ण थी।

schools.aglasem.com
aglasem.com